हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 01 मई 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रवासी भारतीयों के साथ प्रौद्योगिकी और रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा देकर भारत की वैश्विक भागीदारी को मजबूत करने का आहवान किया है। श्री मोदी ने विदेश मंत्रालय के 11वें मिशन प्रमुख सम्मेलन में अपने विचार और सुझाव साझा किए तथा 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत की कूटनीतिक गतिविधियों पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस अवसर पर भविष्य के लिए तैयार कूटनीति, व्यापार, प्रौद्योगिकी और पर्यटन को बढ़ावा देने और भारत की गाथा को व्यापक बनाने पर प्रस्तुतियाँ भी दी गई।

इस वर्ष के 11वें मिशन प्रमुख सम्मेलन का विषय था– 2047 के लिए भारतीय कूटनीति में सुधार। यह सम्मेलन 28 से 30 अप्रैल तक आयोजित किया गया।

सरकार ने डीजल और विमानन ईंधन पर निर्यात शुल्क में कटौती की है। इस संबंध में केंद्र ने अधिसूचना जारी कर दी है और यह कटौती आज से लागू हो गई है। वित्त मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार, डीजल पर निर्यात शुल्क 23 रुपये प्रति लीटर और विमानन ईंधन पर 33 रुपये प्रति लीटर निर्धारित किया गया है। पेट्रोल पर निर्यात शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

मंत्रालय ने कहा कि पेट्रोल, डीजल और विमानन ईंधन के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क और सड़क तथा अवसंरचना उपकर जैसे निर्यात शुल्क 27 मार्च, 2026 से लागू किए गए थे। पश्चिम एशिया संकट के कारण निर्यात को हतोत्साहित करके पेट्रोलियम उत्पादों की घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया था। मंत्रालय ने कहा कि घरेलू खपत के लिए स्वीकृत पेट्रोल और डीजल पर मौजूदा उत्पाद शुल्क दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

ऑनलाइन गेमिंग संवर्द्धन और विनियमन नियम, 2026 आज से लागू हो गए हैं। यह देश में तेज़ी से बढ़ते ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र को विनियमित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

नए नियमों के अंतर्गत ऑनलाइन पैसे वाले खेलों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। इनमें वे खेल भी शामिल हैं जो संयोग, कौशल या दोनों के मिश्रण पर आधारित हैं। इन नियमों से खेलों के विज्ञापन और ऐसे प्लेटफार्मों से जुड़े वित्तीय लेनदेन पर भी रोक लगाई गई है। नियमों के उल्लंघन पर कारावास और जुर्माने सहित कठोर दंड का प्रावधान है।

इन नियमों के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन एक एकीकृत नियामक के रूप में भारतीय ऑनलाइन गेमिंग प्राधिकरण की स्थापना की गई है। नियमों के अनुसार, कुछ श्रेणियों के खेलों के लिए पंजीकरण प्रणाली भी शुरू की गई है।

शिकायत निवारण के लिए दो स्तरीय प्रणाली लागू की गई है, जिससे उपयोगकर्ता प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं।सरकार ने कहा है कि इन नियमों का उद्देश्य एक सुरक्षित, पारदर्शी और जवाबदेह डिजिटल गेमिंग पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है।

आज बुद्ध पूर्णिमा मनाई जा रही है, जिसे वैशाख पूर्णिमा भी कहा जाता है क्योंकि ये वैशाख महीने की पूर्णिमा को मनाई जाती है। यह त्योहार मुख्य रूप से भगवान गौतम बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण, इन तीनों महत्वपूर्ण घटनाओं के एक ही दिन वैशाख पूर्णिमा पर घटित होने की स्मृति में मनाया जाता है। यह बौद्ध धर्म का सबसे पवित्र त्यौहार है, जो शांति, करुणा और ज्ञान का प्रतीक है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और गृहमंत्री अमितशाह ने बुद्ध पूर्णिमा पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी - NTA द्वारा 3 मई को ली जाने वाली नीट परीक्षा 2026 को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए पूरे प्रदेश में तैयारियां की गई हैं। पलवल से हमारे संवाददाता ने बताया कि इसको लेकर पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल द्वारा आज आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

एसपी नीतीश अग्रवाल द्वारा केंद्र प्रभारियों और सुरक्षा अधिकारियों को सभी परीक्षा केंद्रों में एसओपी की पालना सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। पुलिस अधीक्षक ने केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने हेतु सभी सुरक्षा उपाय समय से पूर्व सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 163 BNS लागू रहेगी और किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को परिसर के भीतर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश केवल वैध प्रवेश पत्र और आईडी के साथ ही संभव होगा।